NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# M.P.S.E.-2

# लैटिन अमेरिका में राज्य और समाज

## ( State and Society in Latin America )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Manish Kumar,* M.A. (Pol.Sc., Economics, History)

NEERAJ
PUBLICATIONS
(Publishers of Educational Books)

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

# *Content*

# लैटिन अमेरिका में राज्य और समाज

## ( State and Society in Latin America )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*

Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1
Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1
Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—Exam Held in August-2021 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1
Question Paper—December, 2019 ( Solved ) ........ 1-3
Question Paper—June, 2019 ( Solved ) ........ 1
Question Paper—December, 2018 ( Solved ) ........ 1
Question Paper—June, 2018 ( Solved ) ........ 1-2
Question Paper—December, 2017 ( Solved ) ........ 1-2
Question Paper—June, 2017 ( Solved ) ........ 1-2

*S.No.* *Chapterwise Reference Book* *Page*

1. औपनिवेशिक विरासत ........ 1
( Colonial Legacy )

2. संसाधन संपन्नता और सामाजिक एवं आर्थिक संरचनाओं पर उसका प्रभाव-I ........ 10
( Resource Endowment and the Impact on the Social and Economic Formations–I )

3. संसाधन संपन्नता और सामाजिक एवं आर्थिक संरचनाओं पर उसका प्रभाव-II ........ 19
( Resource Endowment and the Impact on the Social and Economic Formations–II )

4. राजनीतिक परम्पराएँ और राजनीतिक संस्कृति ........ 28
( Political Traditions and Political Culture )

5. आंतरिक विकास कार्यनीतियों पर विचार करना ........ 37
( Looking at the Internal Development Strategies )

6. लैटिन अमेरिका में आर्थिक उदारीकरण और सार्वभौमिक निर्भरता ........ 44
( Economic Liberalization in Latin America and Global Dependence )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|
| 7. | राज्य और बाजार पर सामयिक प्रबंध<br>( Provisional Dissertation on State and Market ) | 51 |
| 8. | जनप्रियवादी आन्दोलन और शासन<br>( Populist Movements and Governance ) | 59 |
| 9. | कृषि भूमि और भू-सम्पत्ति अधिकार आंदोलन<br>( Agrarian Land and Property Right Movements ) | 68 |
| 10. | लैटिन अमेरिका में चर्च और सामाजिक परिवर्तन<br>( Church in Latin America and Social Change ) | 75 |
| 11. | क्रान्तिकारी आंदोलन और सामाजिक बदलाव<br>( Revolutionary Movements and Social Change ) | 82 |
| 12. | लोकतांत्रिक संक्रमण : स्वरूप, क्रियाविधियाँ और प्रक्रियाएँ<br>( Democratic Transitions: Patterns, Machinisms and Processes ) | 91 |
| 13. | लोकतांत्रिक संविधान और संस्था संरचना<br>( Democratic Constitution and Institution Building ) | 100 |
| 14. | नागरिक समाज और 'नए' सामाजिक आंदोलन<br>( Civil Society and 'New' Social Movements ) | 111 |
| 15. | राजनीति में सेना<br>( Military in Politics ) | 121 |
| 16. | लैटिन अमेरिका में क्षेत्रीयतावाद<br>( Regionalism in Latin America ) | 130 |
| 17. | लैटिन अमेरिका और विकासशील देश<br>( Latin America and Developing Countries ) | 138 |
| 18. | लैटिन अमेरिका और विकसित देश/क्षेत्र<br>( Latin America and Developing Countries/Regions ) | 145 |

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

***June – 2023***

*(Solved)*

**लैटिन अमेरिका में राज्य और समाज**
**( State and Society in Latin America )**

**M.P.S.E.-2**

*समय : 2 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम दो प्रश्न चुनते हुए कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।*

**भाग - I**

**प्रश्न 1. 19वीं शताब्दी में चिली के आर्थिक विकास के खनिजों के महत्त्व का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-2, पृष्ठ–13, 'खनिज पदार्थों का महत्त्व : चिली'

**प्रश्न 2. लैटिन अमेरिका में स्वदेशी समाज किस हद तक राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा है?**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-4, पृष्ठ–34, प्रश्न 2

**प्रश्न 3. मैक्सिको में लाजारो कर्डेनस के नेतृत्व में लोकलुभावन कृषि आन्दोलन की प्रकृति और महत्त्व का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-8, पृष्ठ–64, प्रश्न 4

**प्रश्न 4. नव-उदारवाद के युग में लैटिन अमेरिकी देशों में बाजार, राज्य और समाज के बीच संबंधों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-7, पृष्ठ–53, 'बाजार, राज्य और समाज'

**प्रश्न 5. ब्राजील में आर्थिक चक्रों की प्रकृति और बुनियादी विशेषताओं पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-2, पृष्ठ–12, 'आर्थिक चक्र की मुख्य विशेषताएं', पृष्ठ-18, प्रश्न 2

**खण्ड-II**

**प्रश्न 6. समकालीन लैटिन अमेरिका के सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए विचारधारा और संस्थानों के संदर्भ में कैथोलिक चर्च द्वारा किए गए नवाचारों की जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-10, पृष्ठ–78, प्रश्न 2

**प्रश्न 7. राजनीतिक लोकतंत्र और आर्थिक विकास एक-दूसरे को किस हद तक सुदृढ़ करते हैं? लैटिन अमेरिका के संदर्भ में चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-12, पृष्ठ–98, प्रश्न 4

**प्रश्न 8. सत्तावाद के तहत लैटिन अमेरिकी देशों में उभरे महिला आन्दोलन की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-14, पृष्ठ–115, 'महिलाओं की लाभबंदी'

**प्रश्न 9. संक्रमणकालीन व्यवस्थाओं से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-13, पृष्ठ–109, प्रश्न 1

**प्रश्न 10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) अमेरिकी राज्यों का संगठन**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-16, पृष्ठ–136, प्रश्न 1

**( ख ) लैटिन अमेरिका और भारत**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-17, पृष्ठ–139, 'लैटिन अमेरिका और भारत'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

**लैटिन अमेरिका में राज्य और समाज**

**( State and Society in Latin America )**

**M.P.S.E.-2**

*समय : 2 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दें, प्रत्येक भाग में से कम से कम दो प्रश्न चुनते हुए। सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।*

**भाग - I**

**प्रश्न 1. लैटिन अमेरिका की राजनीतिक प्रक्रिया के विकास में जोस डी सैन मार्टिन की विरासत की जाँच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-1, पृष्ठ–2, 'राजनीतिक विरासत', पृष्ठ-9, प्रश्न 2

**प्रश्न 2. औपनिवेशिक काल के दौरान मेक्सिको में स्वदेशी श्रम के व्यवहार का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-3, पृष्ठ–24, प्रश्न 2

**प्रश्न 3. 'अंतर्मुखी विकास रणनीति' का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-5, पृष्ठ–41, प्रश्न 2

**प्रश्न 4. लैटिन अमेरिकी देशों में किए गए कृषि सुधारों की प्रकृति और सफलता का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-7, पृष्ठ–72, प्रश्न 2

**प्रश्न 5. लैटिन अमेरिका के संदर्भ में निर्भरता एवं विश्व व्यवस्था विकास के सिद्धांत पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-6, पृष्ठ–46, 'निर्भरता/विश्व व्यवस्था सिद्धांत', पृष्ठ-48, प्रश्न 3

**भाग - II**

**प्रश्न 6. लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए कौन-सी न्यूनतम प्रक्रियात्मक शर्तें आवश्यक मानी जाती हैं?**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-13, पृष्ठ–100, 'लोकतंत्र में पारगमन के तरीके'

**प्रश्न 7. बोलिवियाई क्रांति ( 1952-1964 ) पर एक निबंध लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-11, पृष्ठ–83, 'बोलिविया की क्रान्ति (1952-1964)'

**प्रश्न 8. नए सामाजिक आंदोलनों की मुख्य विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-14, पृष्ठ–116, प्रश्न 2

**प्रश्न 9. लैटिन अमेरिका में क्षेत्रवाद के विकास का पता लगाइए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-16, पृष्ठ–133, प्रश्न 1

**प्रश्न 10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**( क ) धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-10, पृष्ठ–77, 'धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत'

**( ख ) सिमोन बोलिवर**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-1, पृष्ठ–4, 'सीमोन बोलीवार'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# लैटिन अमेरिका में राज्य और समाज
## ( State and Society in Latin America )

## औपनिवेशिक विरासत
### ( Colonial Legacy )

1

### परिचय

लैटिन अमेरिका का अध्ययन एक क्षेत्रीय इकाई के रूप में महत्त्वपूर्ण है। यहां के लोग, समाज, भौगोलिक स्थितियों और संसाधनों में अत्यधिक विविधता देखने को मिलती है। साझा आईबेरियाई अतीत से मिली कुछ विशेषताएँ इन देशों में समान रूप से देखी जा सकती हैं। स्थानीय और औपनिवेशिक संस्कृति का मिश्रण इस महाद्वीप की विरासतें हैं। किंतु उत्तरी अमेरिका की ब्रिटिश औपनिवेशिक विरासत से इसका स्वरूप अलग है, जिसका कारण आईबेरियाई परम्परा रही है। पश्चिमी पूँजीवादी अर्थव्यवस्था का हिस्सा होने के बावजूद इसे पश्चिमी दुनिया का हिस्सा नहीं माना जाता। विद्वानों के अनुसार लैटिन अमेरिका विकसित दुनिया का हिस्सा नहीं है। थोड़ा अधिक विकसित होने के कारण यह तीसरी दुनिया के देशों की श्रेणी में भी नहीं आता। अतः इसे यूनानी-रोमन-हिस्पानी शैली, परम्परा तथा विकास की विचारधाराओं के अनुसार ही समझना होगा।

इस अध्याय में लैटिन अमेरिका की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विरासतों के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत की भी चर्चा की गई है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### सामाजिक और आर्थिक विरासत

औद्योगिक क्रान्ति से पहले लैटिन अमेरिका का औपनिवेशीकरण हुआ। स्पेन और पुर्तगाल जैसे देशों ने लैटिन अमेरिका के दोहन से प्राप्त पूँजी का उपयोग यूरोप में पूँजीवाद को बढ़ावा देने के लिए किया। इसका एक अच्छा उदाहरण लैटिन अमेरिकी उपनिवेशों में चांदी का खनन है, जो यूरोपीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण था। 1560-70 के दशकों में चाँदी का उत्पादन अधिक होता था फलतः अर्थव्यवस्था के विकास में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

आजतेक और इंकैस लोग निर्धन हो गए थे, जिसका कारण उपनिवेशन ही था। विभिन्न विजेताओं द्वारा स्थानीय निवासियों के श्रम का दोहन किया गया। स्थानीय लोगों को काम के लिए मैक्सिको एवं पेरू भेजा गया। स्पेनी आक्रमण के बाद मौजूदा ढाँचा नष्ट हो गया और इसकी जगह दो-वर्गीय ढाँचा उभरा-एनकेमिएंडा/हेसियांडा और पूँजीवादी बागान मालिक। हेसियांडा व्यवस्था में श्रम का अधिकार सम्राट द्वारा विजेताओं को मिलता था, जिन्हें ईसाई धर्म का प्रचार भी करना होता था। लेकिन इन अनुदानों को विशेष अनुमति द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता था। इस व्यवस्था का दुरुपयोग भी हुआ और श्रम के अनुदान की व्यवस्था भूमि के अनुदान की व्यवस्था बन गई।

इस समय लैटिन अमेरिका में सामंतवाद अपना प्रभाव बढ़ा रहा था। अभिजात वर्ग को अपने पक्ष में करने के लिए एवं विद्रोह से दूर रहने के लिए स्पेनी सम्राट उन्हें भूमि प्रदान करता था।

इस प्रकार लैटिन अमेरिका में सामंतवाद का उदय हो रहा था। स्पेन का सम्राट विजेताओं और निचले अभिजात वर्ग को पुरस्कार-स्वरूप भूमि का अनुदान देता था, जिससे वे विद्रोह से दूर रहें और उसका प्रभाव बढ़ सके। साथ ही भारतीय श्रमिकों का एक प्रभाग

बना दिया गया, जिसके अन्तर्गत अधिकारियों को सार्वजनिक कार्यों के लिए श्रम संसाधन बाँटने का अधिकार प्राप्त था। इसमें निजी रियासतों, फर्मों, खदानों का काम शामिल था। प्राचीन इंका शासकों ने जबरन मजदूरी का उपयोग किया था, जिसे 'मीता' कहा जाता था। इसी आधार पर इस मजदूरी को उचित ठहराया गया। अलग जनसंख्या और कार्यों वाले दो प्रदेशों की मौजूदगी इस ढाँचे की विशेषता थी, जो विनिमय के माध्यम से जुड़े हुए थे। इस शोषण के कारण स्थानीय लोग तबाह हो गए और मजदूरी के लिए अफ्रीकी गुलामों को एटलांटिक पार से लाया गया।

गुलामों के लिए अफ्रीकी तट पर छापा मारने एवं खरीदने वाला पुर्तगाल पहला राष्ट्र था। ब्राजील और कैरिबियाई क्षेत्र में गुलाम-बागान व्यवस्थाएँ स्थापित हुईं। पुर्तगाली उपनिवेशन भी इसी तरह से हुआ और यह तटीय क्षेत्रों तक ही सीमित रहा। गोरों को काले लोगो से श्रेष्ठ माना गया। गुलामों के शोषण को नस्लवाद के परिप्रेक्ष्य में उचित ठहराया गया।

एटलांटिक दास व्यापार 1451 से 1870 तक चला। इसके बीच में करीब एक करोड़ गुलाम लाए गए। इनमें से स्पेनिश अमेरिका में 16 लाख, ब्राजील में 36 लाख, ब्रिटिश उपनिवेशों में 20 लाख और फ्रांसीसी कैरिबियाई क्षेत्र में 16 लाख गुलाम लाए गए। ब्रिटेन की औद्योगिक क्रांति को इन दास-आधारित बागानों ने काफी सहारा दिया। रम, चीनी जैसे उत्पाद ब्रिटेन के उपनिवेशों को बेचे जाते थे और ब्रिटेन के कई उत्पाद भी यहाँ लाए जाते थे।

हेसियांडा व्यवस्था का विकास इसी कृषि ढाँचे से हुआ। यह स्वयं में एक पूरी इकाई थी। हेसियांडों का रियासत पर पूरा अधिकार था और किसानों पर भी नियंत्रण था। सामंतवादी व्यवस्था होने के साथ यह एक पूँजीवादी उद्यम भी था। इसमें विश्व बाजार के लिए कॉफी, चीनी और तम्बाकू का उत्पादन होता था।

इस प्रकार समाज श्रेणीक्रम, नस्लवादी एवं रंगभेद पर आधारित था। एन्कोमेन्डेरोस और कारेजिडोर्स जैसे शाही लोगों का अधिकार चलता था। सामाजिक स्थिति में गोरे लोग सबसे ऊपर थे। इनमें स्पेनियर्ड के बाद क्रियोलो का स्थान था, जो स्पेनिश मूल के थे। समाज में सबसे नीचा स्थान अमेरिंडियनों का था, जो यहाँ के मूल निवासी थे। उसके बाद अफ्रीकी गुलामों का क्रम था। क्रियोलो और अश्वेतों की संतान मुलाटो इनके बीच आते थे। मेस्जिजोस गोरे एवं अमेरिंडियन लोगों की स्थिति यूरोपीय दासों से भी बुरी थी।

लैटिन अमेरिका के इतिहास का आरंभ औपनिवेशिकता के इसी ढाँचे में हुआ। लैटिन अमेरिका की अर्थव्यवस्था यूरोप की आर्थिक आवश्यकताओं के अधीन रही। हेसियांडा और बागान की संस्थाएं, जो सामंतवाद और पूँजीवाद का मिश्रण थी, के अन्तर्गत ही कुलीनों ने निर्भरता को बनाए रखा गया।

इस क्षेत्र के उच्च वर्ग का ध्यान जमींदारी व्यवस्था को मजबूत करने और ब्रिटेन में बढ़ते पूँजीवाद के अनुरूप अपने आपको ढालने में लगा रहा। इस क्षेत्र के संसाधनों और देशों को पूँजीवादी केन्द्रों की सेवा में लगाया गया। उन्होंने यूरोप और अमेरिका की कच्चे माल सम्बन्धी आवश्यकता को पूरा किया। विकास की बजाय वृद्धि की नीतियों को शासक वर्ग द्वारा चुना गया। विकास की नीति को चुनना उनके उद्देश्यों के प्रतिकूल जा सकता था।

## राजनीतिक विरासत

सैनिक अभियान के अन्तर्गत ही लैटिन अमेरिका पर प्रभुत्व स्थापना हुआ। विजेता यहां आकर स्थानीय लोगों में घुल-मिल गए एवं बस गए। वे नस्लीय पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं थे, जैसे उत्तरी अमेरिका के उपनिवेश। लैटिन अमेरिका के विशुद्ध वर्गीय लोगों को स्पेनियर्डन ने अपने में मिलाना जरूरी समझा। स्पेन के लोगों ने यहाँ पर अपनी श्रेणीबद्धता स्थापित की।

राजनीतिक निरंकुशता की लैटिन अमेरिकी परम्परा स्पेनिश उपनिवेश को विरासत में मिली की। आजतेक, इंका और म्यां परम्पराएँ और सभ्यताएँ मजबूती से स्थापित थीं, इसलिए स्पेनिश और स्थानीय संस्कृतियों का मिश्रण हुआ, जिसमें स्पेनिश संस्कृति का वर्चस्व था। लैटिन अमेरिका के क्षेत्रों को स्पेनिश अर्ध-सामंतवादी संस्थाओं ने प्रभावित किया। औपनिवेशिकता का अधिक प्रभाव भारतीय आबादी पर पड़ा और उनके आधुनिकीकरण एवं विकास के मार्ग में कठिनाई हुई, जबकि आत्मनिर्भरता की भावना का मजबूत विकास वहाँ हुआ, जहाँ स्पेनिश उपनिवेश की स्थिति कमजोर थी। लैटिन अमेरिका की स्थायी विशेषताओं में दो-वर्गीय व्यवस्था, श्रेणीबद्धता, अधिनायकवाद, पैतृकवाद, कुलीनतंत्र, निगमवाद और सैन्यवाद है।

### अधिकारों का केन्द्रीकरण

सबसे कठिन काम इन उपनिवेशों में प्रशासन चलाना था। स्पेनिश सम्राट ने इस काम के लिए वायसराय नियुक्त किए। मैक्सिको सिटी में 1535 में, लीमा में 1544 में, न्यू ग्रेनाडा में 1739 में, रिवर प्लेट में 1776 में वायसराय नियुक्त हुए। राजनीतिक परम्परा निरंकुशवादी और केन्द्रीकृत थी। सत्ता के शीर्ष में राजा, नीचे वायसराय और फिर जमींदार होते थे। वायसराय के नीचे चर्च, सेना और कुलीन वर्ग थे। इनकी निष्ठा राजा के प्रति थी और ये अपने क्षेत्र में राजा के विश्वासपात्र की तरह काम करते थे। ये सब सम्राट के अधीन थे। परिषदें जिन्हें ऑडिएन्सियास कहा जाता था, वायसराय की सहायता करती थी। इन परिषदों के नीचे स्थानीय गवर्नर थे जो सीमांत क्षेत्रों के प्रभारी एवं कस्बों एवं गाँवों का प्रशासन देखते थे। यह व्यवस्था सही तरीके से काम नहीं करती

थी। फिर भी व्यवस्था चल रही थी। ब्राजील में ऐसी ही प्रशासनिक व्यवस्था पुर्तगाल ने स्थापित की, किन्तु वह स्पेनिश जैसी सशक्त नहीं थी। दोनों ही व्यवस्थाओं में भ्रष्टाचार के चिह्न दिखाई देते हैं। विभिन्न उपनिवेशों ने चाहे वे एन्कॉमेन्डेरोस हों या कॉरेजिडोर्स या ऑडिएन्सियास के अधिकारी, सबने अपना लाभ देखा और हित साधन हेतु तत्पर रहे।

अधिकारों के केन्द्रीकरण की प्रवृत्ति स्वाधीनता के बाद भी जारी रही, जबकि उदारवादी कॉडिलोस (घुड़सवार सेनापति) सत्ता के लिए जूझते रहे। कुलीन लोग औपनिवेशिक सत्ता के पक्ष में थे। वे सांस्कृतिक एवं आर्थिक दृष्टि से फ्रांस एवं ब्रिटेन पर निर्भर थे। उन्होंने अतीत को एक संस्था का रूप दे दिया। इस प्रकार चिली और ब्राजील एक व्यवस्था बनाने में सफल रहे। अर्जेन्टीना और मैक्सिको को इसमें अधिक समय लगा। सिवाय ब्राजील के ज्यादातर देशों ने गणराज्य व्यवस्था को चुना। ब्राजील में एक सशक्त सम्राट का शासन था। जमींदारों एवं व्यापारियों ने मजबूत शासन की स्थापना के लिए समझौता कर लिया। कानून और व्यवस्था बनाने के लिए पाशविकता का सहारा भी लिया जाता था और एक वर्ग कॉडिलो उभर कर आया, जो आर्थिक प्रगति एवं विकास चाहता था। 20वीं शताब्दी का प्रारंभ राष्ट्रवादी प्रचार और लोकवाद का दौर था। उदाहरण के लिए, अर्जेन्टीना के ह्वान डोमिंगो पेरोन और ब्राजील के जेतूल्यू वारगास जैसे लोकवादी नेताओं का शासन। 1929 की आर्थिक मंदी के साथ लैटिन अमेरिका में क्रान्तियों की शृंखला शुरू हो गई और तख्ता पलट की संभावनाएं बढ़ गई।

### चर्च की भूमिका

ऐसा कहा जाता है कि ईसाई धर्म के प्रचार के लिए अमेरिका को जीतने का काम स्पेन को सौंपा गया था। इसके अनुसार, उपनिवेशन के पहले अमेरिंडियनों के धर्म परिवर्तन के कई प्रयास किए गए। स्पेनी उपनिवशों में ऑगास्टेनियन, डोमिनिकन और फ्रांसिस्कन पंथ के मिशनरियों को काम पर लगा दिया गया। यूरोपीय चर्च की तुलना में स्पेनिश चर्च अधिक अनुदार एवं निरंकुश था। स्पेन में चर्च शासन प्रणाली की रीढ़ थी तथा लैटिन अमेरिका की रजनीति में उसकी अहम भूमिका थी। चर्च की भूमिका अब बदलने लगी। इसे "मुक्ति का धर्मशास्त्र" के रूप में देखा जाने लगा। यह इस बात पर जोर देता था कि चर्च को दमन और हिंसा के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। यह सिद्धान्त समानता की भी वकालत करता है, किन्तु लोग इस सिद्धान्त का समुचित पालन नहीं करते थे। समाज के कुलीन लोग यथास्थिति के ही पक्ष में थे। चर्च अभी भी रजनीति के अतिरिक्त धार्मिक शिक्षा देने में लगा हुआ है। कुछ विद्वान चर्च को सेना और अमीर वर्ग जैसा शक्तिशाली बताते हैं, जबकि कुछ इस बात से इन्कार करते हैं।

### सेना

1930 के बाद सत्ता ढाँचे में विस्तार के साथ इसमें व्यापार, माध्यम और श्रमिक क्षेत्र शामिल हो गए। कुशल मजदूरों और कामगारों को कृषकों से अलग देखा जाने लगा। दो-वर्गीय सामाजिक ढाँचा एवं कुलीनों का श्रेणीबद्ध शासन बना रहा।

स्वाधीनता के बाद भी सेना ने अपने महत्त्व को बनाए रखा। लैटिन अमेरिका में राजनीति में सेना भी सक्रिय थी। व्यावसायिकता को अधिकारियों को राजनीति में रुचि लेने के संबंध में भी प्रोत्साहन की आवश्यकता महसूस की गई। विद्रोह को रोकने के लिए सेना की आवश्यकता थी। इसका परिणाम दीर्घकाल तक सैनिक शासन के रूप सामने आया। 1960 के मध्य से 1970 के दशक के अंतिम वर्षों तक यह दौर चला। इस क्षेत्र में सरकारें अक्सर सैनिक और नागरिक गुटों के गठजोड़ से निर्मित होती थीं, लैटिन अमेरिका में सेना समाज का एक पारम्परिक स्तंभ बन चुकी थी, जिसकी जड़ें उपनिवेशी युग में थीं।

## सांस्कृतिक विरासत

लैटिन अमेरिका की राजनीतिक संस्कृति कुलीनतांत्रिक, अधिनायकवादी, निगमवादी और पैतृकवादी रही है। यहाँ का कुलीनतंत्र आईबेरियाई परम्परा से उभरा है। तत्कालीन स्पेनिश राजनीतिक चिंतन के अनुसार समाज पर जनसाधारण के स्थान पर कुलीन जन का शासन होना चाहिए। जमींदारी और अधिकार के ढाँचे कुलीनवादी ही रहे जबकि समतावादी, गणतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और बौद्धिक विचारों को संविधान में शामिल किया गया।

### व्यवहारवाद

19वीं शताब्दी के अन्तिम चरण में कुलीनों और मध्यम वर्ग के बीच लैटिन अमेरिका में व्यवहारवादी विचारधारा का दबदबा बना रहा। उनके अनुसार व्यवहारवाद वैज्ञानिक चिंतन पर आधारित था और विकास की दिशा में एक प्रयास भी था। जैसे-सड़कों और रेलमार्गों का निर्माण सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण था। कुलीन भी अपने शहरों को यूरोप के शहरों जैसा बनाने की इच्छा करने लगे। औद्योगीकरण को प्रगति के लिए आवश्यक समझा गया। लैटिन अमेरिका के मूल निवासियों में व्याप्त सामुदायिक भावना के विपरीत व्यवहारवाद की मानसिकता पूँजीवादी थी।

लैटिन अमेरिकी देशों में प्रगति को दिशा देने की भूमिका राज्य ने ले ली। निजी हाथों में धन के संग्रह को कुलीन जन प्रगति का साधन मानते थे। व्यवहारवाद को अधिकारिक सिद्धान्त मैक्सिको में पोरफीरियो दियाज के शासन में माना गया। उसके कुछ मंत्री सिरेंतिफिकोस कहलाते थे। लेटिफांडिया (विशाल रियासतें) का आकार बढ़ा और वे अधिक निर्यात करने लगे। प्रत्येक राष्ट्र आधुनिक प्रौद्योगिकी के आयात के लिए एक या अधिक निर्यात योग्य वस्तुओं पर निर्भर था। ब्राजील कॉफी का, चिली नाइट्रेट्स

www.neerajbooks.com



और ताँबे का, अर्जेन्टीना गेहूँ और गो-मांस का और बोलीविया टिन का उत्पादन करता था। लेकिन इस प्रगति में जनसाधारण और भी गरीब हो गए।

**शिक्षा**

लैटिन अमेरिका में यही सिद्धान्त शिक्षा व्यवस्था के भी आधार थे। शिक्षा केवल कुलीन जन के लिए आरक्षित थी और निजी स्तर पर उपलब्ध थी। सोपानिक व्यवस्था के अनुसार जनसंख्या को शिक्षित करने की जरूरत नहीं थी। शिक्षा निगमनीय थी एवं रटंत विद्या पर आधारित थी, जिसमें विज्ञान, अनुभववाद की कोई जगह नहीं थी। यह कैथोलिक और टॉमसवादी विचारों से भरी हुई थी।

## विचार और व्यक्तित्व

**स्वाधीनता संग्राम**

18वीं शताब्दी में बुर्वो वंश के समय स्पेन ने लैटिन अमेरिका में अपना अधिकार जताने का प्रयास किया। व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कुछ प्रतिबंध हटा दिए गए। 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में औद्योगीकरण की प्रक्रिया से गुजर रहे यूरोप से आने वाले समय माँग के कारण क्रियोलों में सम्राट के नियत्रंण से मुक्त खुले व्यापार की संभावनाएं बन गई। सम्राट द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और कठोर प्रशासनिक ढाँचे को पसंद नहीं किया गया। उपनिवेशों का अलग पड़ जाना भी असंतोष का कारण था। इस कारण 1810 से मुक्ति-संग्रामों के लिए परिस्थिति तैयार हो गई। जोजफ का गद्दी पर बैठना और नेपोलियन का स्पेन पर आक्रमण शीघ्र युद्धों का कारण बना। क्रियोल उदारवादी और रूढ़िवादी दोनों ने समितियाँ बनाकर स्पेनिश राजा के प्रति निष्ठा घोषित कर दी। स्वाधीनता संग्राम का समय 1810 से 1825 के बीच रहा। 1810 से 1815 तक पहला दौर बहुत सफल नहीं रहा। 1815 से 1825 का दूसरा दौर सफल रहा।

**मीगेल ईदालगो**

एक क्रियोल जुंटा (शासन गुट) ने मैक्सिको सिटी में स्वाधीनता की घोषणा कर दी। उत्तर में कैलिफोर्निया, न्यू मैक्सिको, टेक्सास एवं दक्षिण में पनामा तक न्यू स्पेन का विस्तार था। मैक्सिको में क्रियोल लोगों की रुचि अपनी सम्पत्ति और प्रतिष्ठा को बनाए रखने में थी। 60-वर्षीय क्रियोल पादरी मीगेल ईदालगो ने स्थानीय और मैस्तिजों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। मीगेल ने नस्ल की अवधारणा को खारिज किया। दिसम्बर, 1810 में उसने विद्रोह की तैयारी कर ली थी। स्पेनिश अधिकारी द्वारा उसकी कोशिश नाकाम करने के मद्देनजर मीगेल और उसके अनुयायियों ने भारतीयों और मेस्तीजी अनुयायियों को कार्यवाही के लिए तैयार कर लिया। सान मीगेल के सैनिक भी ईदालगो की सेना में शामिल हो गए। उत्तर-पश्चिम में प्रतिरोध का सामना करते हुए वे ग्वादालाहारा पहुँच गए। ईदालगो ने यहाँ सरकार का गठन करके सेना का प्रशिक्षण शुरू किया। ईदालगो को अंततः पकड़ लिया गया और उन्हें पादरी के पद से हटाकर मृत्युदण्ड दे दिया गया। 31 जुलाई, 1811 में उन्हें डोलरस में गोली मारी दी गई।

**सीमोन बोलीवार**

सीमोन बोलीवार का जन्म वेनेजुएला के एक प्रतिष्ठित एवं कुलीन परिवार में हुआ था। इनकी शिक्षा स्पेन में हुई तथा लंदन में उनके व्यावसायिक जीवन की शुरुआत हुई। स्वाधीनता संग्रामों के पहले दौर में, उन्हें कुछ परेशानी उठानी पड़ी, जब वेनेजुएला के प्रथम गणराज्य के दौरान वह 'रायलिस्ट' के हाथों व्यर्तो काबेलो को खो बैठे। न्यू ग्रेनाडा जाकर फौज को एकजुट किया। 1813 तक वे वेनेजुएला आ गए और स्पेनी शासकों के खिलाफ युद्ध की घोषणा करके 'द्वितीय गणराज्य' का गठन करके इसके मुखिया बन गए। किन्तु गैर-श्वेतों का समर्थन न मिलने के कारण द्वितीय साम्राज्य जल्दी ही ढह गया। बोलीवार समझ चुका था कि क्रियोलों को उनके क्रान्तिकारी विचार पसंद आने चाहिए, इसलिए बोलीवार ने अपने गणतांत्रिक विचारों को रूढ़िवाद की ओर झुका दिया।

1815 से 1825 के बीच बोलीवार ने अन्तर्राष्ट्रीय समर्थन हासिल कर लिया। बोलीवार समझता था कि दक्षिणी अमेरिका को शासन के अपने विचार अपनाने चाहिए। स्पेनिश प्रभुत्व के कारण दक्षिणी अमेरिकी देशों को विकसित होने का अवसर नहीं मिला था। इसके लिए उन्हें सफल शासन व्यवस्था को अपनाना चाहिए। बोलीवार ने होर्स डे सान मार्टीन के साथ स्वाधीनता के लिए लड़ने का फैसला किया–बोलीवार उत्तर में एवं मार्टीन दक्षिण में।

1817 में बोलीवार स्वाधीनता के लिए लड़ने के उद्देश्य से वेनेजुएला पहुँचे। उन्होंने ऐंगस्तूरा कस्बे को जीत लिया। बोलीवार ने जातीय आधार को व्यापक करते हुए स्थानीय लोगों और अश्वेत गुलामों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया। उन्होंने लारेनों की भी सहायता ली। बोयका की जीत उनकी महत्त्वपूर्ण उपलब्धि थी, जिसके कारण वे 1819 तक बोगोटा पर कब्जा कर पाए। इससे न्यू ग्रेनाडा भी आजाद हुआ। वायसरायल्टी के सभी प्रान्तों को स्वतंत्र घोषित करके ग्रान कोलम्बिया की स्थापना कर ली गई जिसमें वेनेजुएला, कोलम्बिया, पनामा एवं इक्वेडोर शामिल थे। बोलीवार इसके राष्ट्रपति बने।

1821 में बोलीवार ने काराबोबो की लड़ाई जीती। कारावनस के पतन के बाद वेनेजुएला स्पेनिश शासन से स्वतंत्र हो गया। बोलीवार ने दक्षिण में कीटो प्रान्त को जीता। बोलीवार एक विजयी नेता और ग्रान कोलम्बिया के राष्ट्रपति होकर उभरे, जबकि सान मार्टिन पेरू में उलझे हुए थे। सान मार्टिन उसके बाद यूरोप चले गए। राजतंत्र की समाप्ति को स्वाधीनता के पश्चात एक विकल्प के तौर पर लिया गया।

www.neerajbooks.com